[A-8] No. of printed pages: 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**SY BA (External) Examination**
**Wednesday, 11 March 2015**
**2.30 pm - 5.30 pm**
**HIN 204 - हिन्दी कथा-साहित्य : पेपर-4**

**Total Marks: 100**

**सूचना** : हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अनिवार्य है ।

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए: (१८)

(क) ''तेरा जीवन उस फकीर की अमानत है । मुसलमान अपने धर्म के जितने पक्के हैं, उतने तो हिन्दू हैं ही नहीं । महीने भर रोजा रखते हैं । उनसे हमारी लड़ाई कैसी ?''

**अथवा**

(क) ''शायद पाकिस्तान का निर्माण ही सही होगा । लोगों को बदलना बहुत मुश्किल दिखता है।''

(ख) ''पर यह कौन जानता था कि यह सारी लीला विधि के हाथों रची जा रही है । जीवन रंगशाला का वह निर्दय सूत्रधार किसी अगम गुप्त स्थान पर बैठा हुआ अपनी जटिल क्रूर क्रीड़ा दिखा रहा है ।''

**अथवा**

(ख) ''यह मैं जानती हूँ कि अगर उसके मन में पाप होता तो मैं उसके लिए सब कुछ कर सकती थी ।''

(ग) ''लोग भी क्या कहेंगे कि रिफ्यूजी बच्चा दुकान करने लगा तो दिल आत्मा भी बेच कर खा गया।''

**अथवा**

(ग) ''मेरे को क्या मालूम था कि यह आदमी सीधा-सादा, इज्जतदार, साख रसूख का इन्सान है और नसीब के फेर में इसकी ये हालत हो गयी है ।''

प्र.२ 'कालिकथा वाया बाइपास' उपन्यास की कथावस्तु की विशेषताएँ लिखिए । (१६)

**अथवा**

प्र.२ 'कलिकथा वाया बाइपास' उपन्यास के नायक किशोरबाबू का चरित्र चित्रण कीजिए ।

प्र.३ 'निर्मला' उपन्यास की समस्याओं पर प्रकाश डालिए । (१६)

**अथवा**

प्र.३ 'निर्मला' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

प्र.४ 'नशा' कहानी की कथावस्तु की विशेषताएँ निरूपित कीजिए । (१६)

**अथवा**

प्र.४ 'पिता' कहानी के आधार पिता का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

प्र.५ टिप्पणी लिखिए । (१६)

(क) कहानीकार यशपाल **अथवा** (क) कहानीकार कमलेश्वर

(ख) उपन्यासकार यशपाल **अथवा** (ख) उपन्यासकार भगवतीचरण वर्मा

प्र.६ निम्नलिखित में से **१८** का अति संक्षिप्त उत्तर लिखिए । (१८)

(१) अलका सरावगी के दो उपन्यासों का नाम लिखिए ।
(२) किशोरबाबू को पिता का क्या नाम है ?
(३) किशोरबाबू की बुआ का क्या नाम है ?
(४) किशोरबाबू की पुत्रवधू का स्वभाव कैसा है ?
(५) किशोरबाबू के कितने मित्र हैं ?
(६) किशोरबाबू के दादा का क्या नाम है ?
(७) अलका सरावगी के दो कहानी संग्रहों के नाम लिखिए ।
(८) बाबू उदयभानुलाल की पत्नी का क्या नाम है ?
(९) निर्मला की बहन का क्या नाम है ?
(१०) बाबू भालचंद्रसिन्हा की पत्नी का क्या नाम है ?
(११) मुंशी तोताराम की पहली पत्नी का क्या नाम है ?
(१२) मुंशी प्रेमचंद के दो उपन्यासों के नाम लिखिए ।
(१३) निर्मला के पिता की हत्या कौन करता है ?
(१४) जियाराम किसके गहनों की चोरी करता है ?
(१५) 'परदा' कहानी के लेखक का क्या नाम है ?
(१६) 'एकगौ' कहानी में गाय का नाम क्या है ?
(१७) 'हत्यारे' कहानी के रचनाकार का नाम क्या है ?
(१८) अज्ञेय की दो कहानियों के नाम लिखिए ।
(१९) जैनेन्द्रकुमार के दो उपन्यासों के नाम लिखिए ।
(२०) कमलेश्वर का पूरा नाम लिखिए ।
(२१) 'हमलोग' कहानी किसने लिखी ?

* * *